आकाशवाणी श्री विजयपुरम

दिनांक : 29.05.2025 समय : 0705

<><><><><><><>

- प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने की मल्टी–मॉडल प्लेटफॉर्म प्रगति बैठक की अध्यक्षता।
- शिक्षा मंत्री ने कहा –आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–ए आई वर्तमान में लोगों की जीवनशैली का अहम हिस्सा बन गया है।
- विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत राष्ट्रीय स्तर पर पूर्व खरीफ अभियान का आज से शुभारंभ।
- मुख्य सचिव डॉ. चन्द्र भूषण कुमार ने कल ''द स्टोरी ऑफ सेल्यूलर जेल–प्रिज़न टू पिलग्रिमेज'' पुस्तक का विमोचन किया।

<><><><><><><>

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कल केंद्र और राज्य सरकारों के साथ सक्रिय शासन और समय पर कार्यान्वयन के लिए सूचना और संचार प्रौद्योगिकी आधारित मल्टी–मॉडल प्लेटफॉर्म प्रगति बैठक की अध्यक्षता की। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ने बासठ हजार करोड़ रुपये से अधिक की लागत वाली तीन प्रमुख बुनियादी ढांचा परियोजनाओं की समीक्षा भी की। ये परियोजनाएं विभिन्न राज्यों और केंद्रशासित प्रदेशों में स्थित सड़क परिवहन, बिजली और जल संसाधन के क्षेत्रों से संबंधित हैं। इन परियोजनाओं के रणनीतिक महत्व पर जोर देते हुए, श्री मोदी ने कार्यान्वयन की बाधाओं को दूर करने और उन्हें समय पर पूरा करने के लिए ठोस प्रयास करने का आह्वान किया। प्रधानमंत्री ने परियोजना में देरी के दुष्प्रभाव को बताते हुए कहा कि इस तरह की रुकावटों से न केवल लागत बढ़ती है बल्कि नागरिकों को आवश्यक सेवाओं और बुनियादी ढांचे से भी वंचित होना पड़ता है। उन्होंने कहा कि सामाजिक–आर्थिक सुधारों के बेहतर परिणामों के लिए समय पर काम पूरा करना बेहद महत्वपूर्ण है। इसलिए सभी हितधारक दक्षता और जवाबदेही को प्राथमिकता दें। बैठक के दौरान प्रधानमंत्री ने भारत में सेमीकंडक्टर इकोसिस्टम के विकास से संबंधित उल्लेखनीय सर्वोत्तम प्रथाओं की भी जांच की।

<><><><><><><>

केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा है कि आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस–ए आई वर्तमान में लोगों की जीवनशैली का अभिन्न अंग बन गया है और जीवन को आसान बना रहा है। उन्होंने कहा कि लोगों को ए

आई से डरने की आवश्यकता नहीं है, बल्कि इसे एक उपकरण के रूप में इस्तेमाल करने की जरूरत है। श्री प्रधान ने नई दिल्ली के इंडिया हैबिटेट सेंटर में शिक्षा में एआई पर आयोजित पढ़—ए आईः कॉन्क्लेव के समापन सत्र को संबोधित करते हुए यह बात की। एआई के उपयोग पर बल देते हुए श्री प्रधान ने कहा कि ए आई का इस्तेमाल हर क्षेत्र की बेहतरी और देश के व्यापक विकास के लिए किया जा सकता है। दुनिया की ज्यादातर समस्याओं का समाधान एआई के जरिए किया जा सकता है। स्कूलों में ए आई के बारे में बुनियादी जानकारी भी दी जानी चाहिए, जिससे नई पीढ़ी को और अधिक अपडेट किया जा सके।

<><><><><><><>

खरीफ पूर्व अभियान की तैयारी पर कल एक बैठक का आयोजन किया गया। राष्ट्रीय स्तर पर अभियान की तैयारी विकसित कृषि संकल्प अभियान के तहत की जा रही है। मुख्य सचिव की अध्यक्षता में सचिवालय के कांफ्रेंस हॉल में हुई बैठक में अभियान की तैयारियों पर चर्चा की गई, जिसमें कृषि विभाग और क्यारी के अधिकारियों ने भाग लिया। बैठक के दौरान मुख्य सचिव ने इस अभियान में किसानों के लिए उपलब्ध विभिन योजनाओं और सुविधाओं के बारे में जानकारी देने पर जोर दिया। विश्व पर्यावरण दिवस पर एक पेड़ मां के नाम के तहत सभी स्वयं सहायता समूहों, किसान शिविर, सरकारी कार्यालय, स्कूल और आंगनवाड़ी केन्द्र अभियान के दौरान बड़े पैमाने पर वृक्षारोपण अभियान में भाग लेंगे। आज द्वीपसमूह के सभी क्षेत्रों में राष्ट्रीय स्तर पर पूर्व खरीफ अभियान विकसित कृषि संकल्प अभियान के अंतर्गत शुरू होगा। दक्षिण अंडमान में कार्यक्रम का उद्घाटन सांसद बिष्णु पद रे द्वारा छोलदारी में हरी झंडी दिखाकर किया जाएगा।

<><><><><><><>

प्रशासन के मुख्य सचिव डॉ. चन्द्र भूषण कुमार ने कल अंडमान क्लब में आयोजित एक समारोह में कला एवं संस्कृति निदेशालय की पूर्व सहायक निदेशक रशीदा इकबाल द्वारा लिखित पुस्तिका ''द स्टोरी ऑफ सेल्यूलर जेल—प्रिज़न टू पिलग्रिमेज'' का विमोचन किया। इस अवसर पर मुख्य सचिव ने पुस्तक पर प्रकाश डालते हुए कहा कि यह पुस्तक भारतीय इतिहास के एक ऐसे अध्याय के बारे में बताया है, जो दर्दनाक और प्रेरक दोनों है। इसमें स्वतंत्रता सेनानियों के जीवन की भावनात्मक यात्रा और कठोर पीड़ा के बारे में बताया गया है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय स्मारक सेल्यूलर जेल और नारकोंडम द्वीप वर्तमान मे यूनेस्को की विश्व धरोहर स्थलों की अस्थाई सूची में शामिल है, जिसे अंतिम सूची में शामिल करने के लिए

कार्य चल रहा है। कार्यक्रम में कला एवं संस्कृति सचिव ज्योति कुमारी, निदेशक प्रियंका कुमारी, पर्यटन से जुड़े हितधारक और आम जनता भी शामिल थे।

<><><><><><><>

द्वीपसमूह के दौरे पर आए राष्ट्रीय कैडेट कोर निदेशालय, चेन्नई 'ए' के उप–महानिदेशक कमोडोर एस राघव ने कल राज निवास में उप–राज्यपाल एडमिरल डी के जोशी से मुलाकात की। मुलाकात के दौरान एनसीसी अंडमान इकाई और अन्य इकाईयों द्वारा साहसिक खेल आयोजनों के संचालन के प्रस्तावों पर चर्चा की गई। इसके परिणामस्वरूप नई दिल्ली में आयोजित होने वाली पीएम रैली 2026 में एन सी सी इकाई को प्रशासनिक सुविधा प्रदान की जाएगी ।

<><><><><><><>

आयकर रिटर्न–आईटीआर दाखिल करने की अंतिम तिथि 31 जुलाई से बढ़ाकर 15 सितंबर कर दी गई है। केन्द्रीय प्रत्यक्ष कर बोर्ड के बयान में कहा गया है कि आई टी आर फॉर्म में महत्वपूर्ण संशोधन और लोगों को आवश्यक दस्तावेज हासिल करने का समय देने के लिए यह फैसला किया गया है। करदाताओं के लिए सहज और अधिक सटीक फाइलिंग सुविधा के लिए कई महत्वपूर्ण बदलाव किए गए हैं।

<><><><><><><>

डॉ. एस राधाकृष्ण जिला शिक्षा एवं प्रशिक्षण संस्थान में शैक्षणिक सत्र 2025–26 के लिए 2 वर्षीय डी.एल.एड. पाठ्यक्रम में प्रवेश लिया जाएगा। इसके लिए उम्मीदवार सामान्य कॉलेज एडमिशन पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। पोर्टल दो जून सुबह दस बजे से उपलब्ध रहेगा। आवेदन जमा करने की अंतिम तिथि इक्कीस जून शाम 5 बजे तक है। आवेदन पत्रों की जांच बाईस जून से सत्ताईस जून तक चलेगी। अंतिम वरीयता सूची 28 जून दिन में 11 बजे जारी की जाएगी।

उधर, ए एन एम प्रशिक्षण विद्यालय में ए एन एम के दो वर्षीय पाठ्यक्रम में प्रवेश के लिए सामान्य कॉलेज एडमिशन पोर्टल पर 2 से 28 जून तक आवेदन किया जा सकता है। विवरणिका और अन्य जानकारियां पोर्टल पर उपलब्ध है।

<><><><><><><>

टैगोर राजकीय शिक्षा महाविद्यालय में शैक्षणिक सत्र दो हजार पच्चीस–छब्बीस के लिए चार वर्षीय स्नातक कार्यक्रम के लिए प्रवेश प्रशासनिक कारणों से स्थगित कर दिया गया है। प्रवेश के लिए संशोधित कार्यक्रम की घोषणा कॉलेज की वेबसाइट पर बाद में की जाएगी।

कॉमन कॉलेज एडमिशन पोर्टल में तकनीकी समस्याओं के कारण, अंडमान कॉलेज में यूजी पाठ्यक्रमों में प्रवेश के लिए ऑनलाइन आवेदन कुछ दिनों तक अस्थायी रूप से बंद रहेगा। कॉलेज की ओर से जारी विज्ञप्ति में कहा गया है कि आवेदन जमा करने की नई तिथि की घोषणा जल्द ही जारी की जाएगी।

<><><><><><><>

## समाचार पत्रों की सुर्खियां

राज्य मंत्री द्वारा द्वीपों के समग्र क्षेत्रीय केन्द्र में प्रधानमंत्री दिव्याशा केन्द्र का उद्घाटन किए जाने के समाचार को द डेली टेलीग्राम्स और द्वीप समाचार ने प्रमुखता दी है। वीर सावरकर की जयंती के अवसर पर विभिन्न कार्यक्रमों के आयोजन के समाचार को आज के अधिकांश समाचार पत्रों ने प्रथम पृष्ठ में जगह दी है। इंफो इंडिया ने प्रातरपुर सामुदायिक भवन में टी–3 शिविर के आयोजन के समाचार को अपनी पहली हेडलाइन बनाया है। मध्योत्तर अंडमान में स्वास्थ्य सेवा निदेशालय में आयोजित निशुल्क चिकित्सा शिविर के समाचार को द इको ऑफ इंडिया ने अपने अखबार के मध्य में जगह दी है।

<><><><><><><>